म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल मे जारी हुए
25/5/13	पत्रा० तलब की गई। वकील प्रार्थी उप०। वकील प्रार्थी ने प्रा० पत्र पेश कर निवेदन किया कि उपरोक्त उनवान की पत्रा० दिनांक 12/7/13 को नियत है तथा प्रार्थी उक्त प्रकरण का आज ही निस्तारण करवाना चाहता है तथा प्रकरण को आगे नहीं चलाना चाहता है। उक्त प्रकरण की दिनांक 12/7/13 होने के कारण पत्रा० को आज ही तलब करने के आदेश प्रदान करावे। अतः पत्रा० तलब की गई। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत प्रकरण को खारिज करने का पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी उपरोक्त प्रकरण में अप्रार्थी के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं चाहता है तथा उक्त प्रकरण को आगे नहीं चलाना चाहता है तथा न ही इस प्रकरण की पत्रा० में कोई राजस्व अनुतोष प्राप्त करना चाहता है, इसलिए जरिए प्रा०पत्र प्रकरण को विड्रोल खारिज कराने तथा प्रकरण को निस्तारण करने के आदेश प्रदान कराने का निवेदन किया। पत्रा० में हस्तगत प्रा० पत्र का अवलोकन किया गया। वकील प्रार्थी द्वारा प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 212 व ऑर्डर 39 नियम 1 व 2 व धारा 151 CPC को जरिए विड्रोल खारिज करने का निवेदन किया। अतः प्रार्थी का प्रा०पत्र धारा 212 व ऑर्डर 39 नियम 1 व 2 व धारा 151 CPC को जरिए विड्रोल खारिज किया जाता है। पत्रा० फैसल शुमार होकर नतीजे कम हो बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर लेखा/भण्डार जमा हो।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.07.25 11:51:37 IST
Reason: SelfAttested